Title: Need to give clearance for opening a medical college in Bilaspur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, निवेदन है कि मध्य प्रदेश राज्य के लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर में मेडिकल कालेज खोलने की आवश्यकता है क्योंकि नया छत्तीसगढ़ राज्य बनाने जा रहे हैं तथा बिलासपुर में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय भी है। रेलवे जोन मुख्यालय दगौरी उपज आयरन कारखाने सिरगिटी लाल खदान में कागज कारखाना एवं कोयले का मुख्यालय भी है। उक्त अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, उनके एवं पिछड़े वर्गों के विकास के लए स्वास्थ्य चिकित्सा हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिलासपुर में मेडिकल कालेज को स्वीकृति दी जाए।